SHIN/2005/15049 PRATAH KHABAR, Guwahati, Tuesday, 15 October, 2019 वर्ष 16 अंक 156, गुवाहाटी, मंगलवार, 15 अक्तूबर, 2019, विक्रम संवत् 2076

सच से समझौता नहीं

प्रातःखबर

वृद्धाश्रम की माताओं को अमृत सीमेंट ने कराया भ्रमण

गुवाहाटी, 14 अक्तूबर (ख.सं.)। वृद्धाश्रम में रह रही माताओं को अमृत सीमेंट की ओर से भ्रमण कराये गये। इस दौरान कई पूजा पंडालों में वृद्धाश्रम में रह रही माताओं को ले जाकर देवी मां के दर्शन कराए गए। वृद्धाश्रमर मार होइते मार दर्शन नामक इस अभिनव पहल के तहत वृद्धाश्रम में रह रही 30 माताओं का फूलाम गामोछा से अभिनंदन किया गया और उन्हें बेलतला के लखी मंदिर पंडाल में ले जाया गया। जहां माताओं ने नाम-कीर्तन व ओजापाली नाम किया। इस दौरान सभी के लिए भोजन की व्यवस्था भी की गई एवं गुब्बारे लेकर सभी ने आनंद के कुछ पल बिताए। इस मौके पर अमृत सीमेंट के प्रबंध निदेशक प्रदीप बागला ने कहा कि पूजा जैसे उत्सव के दौरान सभी लोग अपने दोस्तों व परिवार के साथ घूमने निकलते हैं। ऐसे में वृद्धाश्रमर मार होइते मार दर्शन की पहल सराहनीय है एवं अन्य के लिए प्रेरणादायक है, ताकि देवी मां के दर्शन के समय कोई भी अपनी मां के त्याग को न भूले।